BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust )
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Farathiya, Garhwa, Jharkhand - 822114
8789554090, 9431136581

**Ref. No.: BDSU/R/64/2026** **Date: 22/07/2026**

# सूचना

**बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा द्वारा प्रस्तावित प्रथम दीक्षांत समारोह -2026**

प्रस्तावित **प्रथम दीक्षांत समारोह–2026**के आयोजन के संबंध में निम्नलिखित उपाधिधारियों (छात्र-छात्राओं) को सूचित किया जाता है कि इस समारोह में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित आवेदन प्रपत्र अपने संबंधित**कॉलेज/विभाग/संस्थान**में आवश्यक अभिलेखों सहित **दिनांक 14.08.2026** तक अनिवार्य रूप से जमा करें।

इस प्रथम दीक्षांत समारोह में निम्नलिखित उल्लिखित पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधि (Degree) प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक पाठ्यक्रम/विषय में सर्वोच्च अंक (Topper) प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उपाधि के साथ पृथक रूप से **स्वर्ण पदक (Gold Medal)** एवं **मेरिट प्रमाण-पत्र (Certificate of Merit)** भी प्रदान किए जाएंगे।

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम | सत्र |
|---|---|---|
| 1 | BDS | 2020–2024 |
| 2 | MDS | 2020–2023, 2021–2024 एवं 2022–2025 |
| 3 | B.Sc. Pathology | 2021–2024 |
| 4 | D.Pharm | 2023–2025 |

## आवेदन संबंधी निर्देश

**(क)** उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि यदि वे विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह–2026 में सम्मिलित होकर अपनी उपाधि (Degree) प्राप्त करना चाहते हैं, तो वे निर्धारित आवेदन प्रपत्र (Application Form) पूर्णतः भरकर, निम्नलिखित अभिप्रमाणित (Self-attested) अभिलेखों की छायाप्रतियों सहित अपने संबंधित डीन/प्राचार्य के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करें। आवेदन प्रपत्र (Application Form) बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.bdsu.ac.in से डाउनलोड कर सकते है।

1. अंतिम वर्ष/सेमेस्टर का प्रवेश पत्र (Admit Card)

2. अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की अंक-तालिकाएँ(Final year/Semester Mark Sheets)
3. प्रोविज़नल सर्टिफ़िकेट (यदि जारी किया गया हो)
4. पंजीयन रसीद/पंजीयन प्रमाण-पत्र
5. माध्यमिक (10वीं) परीक्षा का प्रमाण-पत्र
6. शुल्क ₹ 5,500/- (उपाधि शुल्क ₹ 5,000/- और आवेदन प्रपत्र शुल्क ₹ 500/–) का डिमांड ड्राफ्ट **अथवा** RTGS/NEFT का प्रति।

**(ख)** उपाधि (Degree) प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क का भुगतान निम्नलिखित माध्यमों से किया जा सकता है:

निर्धारित शुल्क का **डिमांड ड्राफ्ट** जो **"BABU DINESH SINGH UNIVERSITY, GARHWA"** के पक्ष में देय होगा। **अथवा** उक्त शुल्क RTGS/NEFT के माध्यम से निम्नलिखित बैंक खाते में भी जमा किया जा सकता है: **(A/C NO.- 41860149694, IFSC CODE: SBIN0017821, BANK NAME : STATE BANK OF INDIA, BRANCH : DENTAL COLLEGE CAMPUS, FARATHIYA, GARHWA)**

**(ग)** विश्वविद्यालय के अधीनस्थ सभी कॉलेजों/विभागों/संस्थानों के **डीन/प्राचार्य** से आग्रह है कि प्राप्त आवेदन-पत्रों एवं संलग्न अभिलेखों का सावधानीपूर्वक जाँच कर निर्धारित सूची के साथ सभी आवेदन प्रपत्र दिनांक **20.08.2026** तक **परीक्षा विभाग, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा** में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।

## दीक्षांत समारोह हेतु निर्धारित परिधान

**छात्र**

1. क्रीम/ऑफ-व्हाइट फुल स्लीव कुर्ता
2. सफेद पायजामा अथवा सफेद धोती
3. BDSU लोगो युक्त मैरून सेरेमोनियल स्टोल
4. क्रीम सेरेमोनियल कैप (वैकल्पिक)
5. काले अथवा भूरे रंग के फॉर्मल जूते/सैंडल

*छात्राएँ*

1. मैरून बॉर्डर वाली क्रीम/ऑफ-व्हाइट साड़ी अथवा क्रीम कुर्ता, सफेद चूड़ीदार/प्लाज़ो तथा मैरून दुपट्टा
2. BDSU लोगो युक्त मैरून सेरेमोनियल स्टोल

AG

3. क्रीम/मैरून सेरेमोनियल कैप (वैकल्पिक)
4. फॉर्मल जूते अथवा सैंडल

**महत्वपूर्ण निर्देश**

- अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएंगे ।
- दीक्षांत समारोह की तिथि, समय एवं स्थल की सूचना अलग से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
- उपाधि आवेदन पत्र के साथ पंजीयन आवेदन पत्र भी भर कर जमा किए जायेंगे।

कुलपति के आदेशानुसार
ह०/-
कुलसचिव

**प्रतिलिपि :**

1. विश्वविद्यालय के सभी डीन/प्राचार्य – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. विश्वविद्यालय एवं ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी –सूचनार्थ।
3. परीक्षा विभाग – आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) – सूचनार्थ।
5. O.S.D(J), माननीय राज्यपाल सह-विज़िटर, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा; राज्यपाल सचिवालय, राज भवन, झारखंड, रांची।
6. निदेशक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, रांची।
7. माननीय कुलाधिपति/उप कुलाधिपति/कुलपति कार्यालय – अवलोकनार्थ।
8. विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bdsu.ac.in** पर प्रकाशनार्थ।

22/07/2026

कुलसचिव
(डॉ गोकुल आचार्जी)

**Registrar**
Babu Dinesh Singh University
Farathiya, Garhwa, Jharkhand

22/07/26